वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः पू0वि0वि0/डी0एस0डब्लू/ 695 /2022 दिनांक : 22.02.2022

आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् ऐसे छात्र/छात्रा जिनके द्वारा चालू सत्र 2021–22 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन फार्म आनलाइन भरकर समस्त संलग्नकों सहित अपने विभाग में जमा किये है और उनको संस्था स्तर से अग्रसारित कर दिया गया है, उनको सूचित किया जाता है–

1–दिनांक 12.01.2022 में अधिष्ठाता छात्र कल्याण के सूचना पट्ट एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड की गयी पी0डी0एफ0 में संदेहास्पद डाटा (सस्पेक्ट डाटा) की सूची (सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति) में प्रदर्शित त्रुटियों का निराकरण करने हेतु सूची एवं आवश्यक प्रपत्र दिनांक 15.02.2022 में जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय को प्रेषित की गयी है।

2–जिन छात्र/छात्राओं द्वारा छात्र लागिन पर प्रदर्शित संदेहास्पद डाटा में आनलाईन आवेदन करते समय की गयी त्रुटियों को ठीक करके दिनांक 11 फरवरी, 2022 से दिनांक 21 फरवरी, 2022 तक अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में जमा किया है। छात्र/छात्राओं द्वारा **Edit** किये गये सभी आवेदन फार्मो का आनलाईन अग्रसारण अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा दिनांक 22.02.2022 तक कर दिया गया है। दिनांक 22.02.2022 तक **Edit** किया गया कोई भी आवेदन फार्म कार्यालय में अग्रसारित करने हेतु शेष नहीं है।

3–दिनांक 22.02.2022 तक कोई भी आनलाईन अथवा आफ लाईन कोई भी **Edit** किया गया आवेदन फार्म जो अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में प्राप्त कराया गया है सभी को अग्रसारित कर दिया गया है। दिसम्बर माह से आज दिनांक 22.02.2022 तक **Edit** किया गया कोई भी आवेदन फार्म कार्यालय द्वारा अग्रसारित करने हेतु शेष नहीं है।

4–जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं शासन द्वारा दिनांक 02 दिसम्बर, 2021 में जारी गयी समय–सारणी के बिन्दू नं0 14 एवं 15 के अनुसार छात्र/छात्राओं द्वारा संदेहास्पद डाटा को एन0आई0सी0 की राज्य इकाई में विभिन्न निर्धारित बिन्दुओं पर पुनः परीक्षण किया जाना एवं जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति द्वारा छात्र/छात्रा द्वारा सही किये गये संदेहास्पद डाटा के सम्बन्ध में निर्णय के उपरान्त छात्र/छात्रा के लागिन के वर्तमान स्टेटस में परिर्वतन दिनांक 10 मार्च से 20 मार्च तक प्रदर्शित होगा।

(प्रो0 अजय द्विवेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–

1–समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष/निदेशक विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रम को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने संकाय के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।
2–वरिष्ठ आशुलिपिक कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3–आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4–सहा0 कुलसचिव छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति।
4–वेब प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को वेब–साइट पर अविलम्ब अपलोड करने का कष्ट करें।
5–अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण